आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 317 ● कटनी ● शुक्रवार, 24 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

**सेलिब्रेशन पर भारी ओमिक्रॉन**

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

# अब पाबंदियों के साथ चलेगा जीवन

## केंद्र की चेतावनी के बाद कई राज्यों ने न्यू ईयर पार्टियों पर रोक लगाई



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की तरफ से गुरुवार को राज्यों को दोबारा कोरोना वायरस महामारी की तीसरी लहर के मुहाने पर पहुंचने का डर दिखाया गया। इसके बाद शाम तक कई राज्यों ने अपने यहां सख्त पाबंदियां घोषित कर दीं। खासतौर पर क्रिसमस और न्यू ईयर के सेलिब्रेशन पर शिकंजा कस दिया गया है। मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में अब नाइट कर्फ्यू घोषित कर दिया गया है, जबकि कई राज्यों ने अपने यहां सख्त पाबंदियां लागू कर दी हैं।

### मप्र में 37 दिन बाद फिर नाइट कर्फ्यू

मध्यप्रदेश सरकार ने 37 दिन बाद दोबारा अपने यहां रात 11 से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू लगा दिया है। साथ ही सरकार ने कहा है कि जिम, कोचिंग, थिएटर, सिनेमा हॉल, स्वीमिंग पूल में 18 साल उम्र से ज्यादा के उन्हीं लोगों को एंट्री मिलेगी, जिन्होंने वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिए हैं। इसके साथ ही लोगों को सलाह दी गई है कि कोविड-19 प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करें। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शाम को लोगों को एक संदेश में कहा, ''हम आज एक और फैसला कर रहे हैं कि रात्रि कालीन कर्फ्यू रात 11 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक लगेगा। अगर आवश्यकता पड़ी तो कुछ और उपाय हम जरूर करेंगे।'' दिल्ली में क्रिसमस और न्यू ईयर पर होने वाले पब्लिक सेलिब्रेशन पर रोक लगा दी गई है।

### ओडिशा में भी न्यू ईयर पार्टियों पर रोक

ओडिशा ने भी न्यू ईयर को लेकर होने वाली पार्टियों के आयोजन पर पूरी तरह रोक लगा दी है। राज्य के होटल्स, रेस्टोरेंट्स और पब्लिक प्लेसेज पर यह रोक 31 दिसंबर और 1 जनवरी को लागू रहेगी।

### तीसरी लहर के मद्देनजर चुनावी रैलियों पर रोक लगाए सरकार


हाईकोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोविड-19 की तीसरी लहर की बढ़ती आशंका के मद्देनजर केंद्र सरकार और भारत निर्वाचन आयोग से चुनावी रैलियों पर रोक लगाने तथा चुनावों को टालने पर विचार करने का आग्रह गुरुवार को किया। जस्टिस शेखर कुमार यादव ने एक मामले में याचिकाकर्ता की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए कहा, कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मरीजों की संख्या बढ़ रही है और तीसरी लहर आने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस भयावह महामारी को देखते हुए चीन, नीदरलैंड, जर्मनी जैसे देशों ने पूर्ण या आंशिक लॉकडाउन लगा दिया है।

DDMA के आदेश के मुताबिक, अगले आदेश तक किसी भी होटल, बार या रेस्टोरेंट में 50 फीसदी सिटिंग कैपिसेटी की ही मंजूरी होगी।

### अब उप्र में भी नाइट कर्फ्यू

अब उत्तर प्रदेश में भी नाइट कर्फ्यू लगा दिया गया है। प्रदेश में ओमिक्रॉन की संभावित लहर को देखते हुए ये फैसला लिया गया। क्वसरकार का यह फैसला 25 दिसंबर से लागू होगा। आदेश के तहत नई गाइडलाइन भी जारी की गई है। इसके मुताबिक शादियों में अधिकतम 200 लोग ही शामिल हो सकते हैं। लोग 25 दिसंबर की रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक घर से बाहर नहीं निकल सकेंगे। यानी रात 12 बजे नए साल के जश्न की जो तैयारियां की जा रही हैं, उन्हें झटका लगा है। तेलंगाना के गांव में 10 दिन का लॉकडाउन तेलंगाना में नए कोरोना वैरिएंट ओमिक्रॉन के 38 केस मिले हैं। इस बीच राज्य के गडेम नाम के गांव में एक ओमिक्रॉन संक्रमित मिलने पर सबकी सहमति से 10 दिन के लिए लॉकडाउन लगा दिया गया है।

### फरवरी में पीक पर होगी कोरोना की तीसरी लहर



**कानपुर।** आईआईटी, कानपुर की तरफ से की गई एक स्टडी में दावा किया गया है कि देश में फरवरी में कोरोना की तीसरी लहर अपने पीक पर होगी। आईआईटी कानपुर के शोधकर्ताओं के अनुसार 3 फरवरी को कोरोना की तीसरी लहर अपने पीक पर होगी। हालांकि, फिलहाल ओमीक्रोन के मामले बढ़ने के बीच देश में कोरोना के कुल मामलों की संख्या स्थिर बनी हुई है। गुरुवार को कोरोना के कुल मामले 7 हजार से कम रहे। पिछले 24 घंटे में केरल में सबसे अधिक 2514 मामले दर्ज किए गए। वहीं, महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 1179 रही।

### कर्नाटक में न्यू ईयर जश्न पर रोक

कर्नाटक में 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक लगातार दूसरे साल नए साल का जश्न मनाने पर रोक लगा दी गई है। क्रिसमस के जश्न पर रोक नहीं है, लेकिन चर्चों में बड़े पैमाने पर भीड़ जमा होने पर रोक लगा दी गई है।

### तमिलनाडु में वैक्सीनेशन अनिवार्य

तमिलनाडु सरकार ने न्यू ईयर और क्रिसमस सेलिब्रेशन को लेकर कोई बड़ी पाबंदी नहीं लगाई है। लेकिन होटलों-क्लबों में केवल कोरोना वैक्सीनेशन कराने वालों को ही एंट्री दिए जाने की अनिवार्यता घोषित कर दी है।

## फटाफट खबरें

### ओवैसी की यूपी पुलिस को धमकी

### बोले- योगी के मठ चले जाने के बाद तुझे कौन बचाएगा

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में एक रैली को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस को खुलेआम धमकी दी है। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ असंसदीय टिप्पणी कर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, ओवैसी ने यूपी पुलिस के कर्मियों को धमकी देते हुए कहा, मैं पुलिस अधिकारियों को याद दिलाना चाहता हूं कि उन्हें इस तथ्य को जानने की जरूरत है कि योगी और पीएम मोदी हमेशा नहीं रहेंगे। हम मुसलमान निश्चित रूप से समय के लिए मजबूर हैं, लेकिन याद रखें कि हम आपके अत्याचारों को नहीं भूलेंगे। हम आपके अत्याचारों को याद रखेंगे।

### डेल्टा से पांच गुना ज्यादा खतरनाक होकर आया है ओमिक्रॉन, विशेषज्ञों ने चेताया

**नई दिल्ली।** ओमिक्रॉन का खतरा जैसे-जैसे बढ़ रहा है, इस नए वैरिएंट को लेकर नए अध्ययन भी सामने आ रहे हैं। अब सिंगापुर के विशेषज्ञों ने दावा किया है कि कोरोना का यह नया वैरिएंट डेल्टा से भी ज्यादा खतरनाक है। ओमिक्रॉन वैरिएंट ने अपनी प्रतिरक्षा को डेल्टा के मुकाबले मजबूत बनाया है और 2022 में यह पूरी तरह से दुनिया भर में फैल सकता है।




# ब्रिटेन में टूटा कोरोना संक्रमण का रिकॉर्ड



**24 घंटे में 1.19 लाख से ज्यादा कोविड पॉजिटिव**

**लंदन।** दुनियाभर में कोरोना वायरस के ओमिक्रोन वेरिएंट का खतरा लगातार बढ़ रहा है। फिलहाल सबसे बुरे हालात ब्रिटेन के हैं। ब्रिटेन में कोरोना वायरस महामारी एक बार फिर खतरनाक रूप ले चुकी है। ओमिक्रॉन वेरिएंट के चलते गुरुवार को ब्रिटेन में कोविड-19 के दैनिक मामलों का नया रिकॉर्ड बना। ब्रिटेन में बीते 24 घंटे में 1,19,789 से ज्यादा कोरोना संक्रमित मिले हैं। महामारी फैलने के बाद से अभी तक ब्रिटेन में एक दिन में इतने मामले दर्ज नहीं किए गए थे। इससे पहले बुधवार को कोरोना मामलों की संख्या पहली बार एक लाख को पार कर गई। ब्रिटेन में ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स ने संभावना जताई है कि 16 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में यूके के घरों में लगभग 1.4 मिलियन लोगों को कोविड था, जो 2020 की शुरुआत में महामारी शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। कोरोना के नए मामले बढ़ने के साथ ही अब अस्तपालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। खासकर लंदन में अधिकांश अस्पताल मरीजों से भरे हुए हैं। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने कहा कि कोविड मामलों की बढ़ोतरी होने के बाद भी राहत की बात ये है कि डेल्टा वेरिएंट से कम खतरनाक होने के कारण ज्यादा जोखिम वाले मरीज नहीं है।



**32 की मौत, 100 से ज्यादा लोग बुरी तरह झुलसे**

# बांग्लादेश में नौका में आग

**आग से बचने को कई लोग नदी में कूदे**

ढाका। दक्षिणी बांग्लादेश में शुक्रवार को एक भरी हुई नौका में आग लगने से कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस प्रमुख मोइनुल इस्लाम ने जानकारी दी है कि तीन मंजिला नौका (फेरी) में नदी के बीच में आग लग गई और इस नौका से हमने 32 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। आग से अधिकांश की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीषण आग में 100 से ज्यादा लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत व बचाव कार्य जारी है। भीषण आग से बचने के लिए नाव में मौजूद कई लोग नदी में कूद गए थे। इस कारण से कई लोगों की मौत डूबने से हो गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नदी में भी लापता लोगों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारी मोइनुल इस्लाम ने बताया कि यह घटना राजधानी ढाका से 250 किलोमीटर (160 मील) दक्षिण में दक्षिणी ग्रामीण शहर झकाकठी के पास सुबह हुई। आपको बता दें कि बांग्लादेश में जिस स्थान पर यह भीषण आग लगी है, वह इलाका नदियों से घिरे निचले डेल्टा का इलाका है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां अधिकांश लोग शिपयार्ड में सुरक्षा मानकों में कमी और भीड़भाड़ को दोष देते हैं। इस कारण अक्सर यहां ऐसे भीषण हादसे पहले भी हुए हैं।

**हेल्थ सेक्रेटरी से मीटिंग के बाद आयोग ले सकता है फैसला**

# टलेंगे विधानसभा चुनाव?

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग और केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की के 27 दिसंबर को बैठक होने की उम्मीद है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। इस बैठक में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के बढ़ रहे मामलों को देखते हुए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और गोवा में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों को स्थगित करने की संभावना पर चर्चा की जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के बीच चुनावी राज्यों में राजनीतिक रैलियों को रोकने के लिए केंद्र से आग्रह किया था। अगर यह बैठक होती है तो यह काफी महत्वपूर्ण होगी और इस आग्रह पर चर्चा होगी। न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की खंडपीठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आगामी विधानसभा चुनावों को स्थगित करने और राजनीतिक रैलियों और चुनाव अभियानों को रोकने पर विचार करने का अनुरोध किया है। कोर्ट ने ष्टह्वङ्कढ्ढष्ठ-19 की तीसरी लहर की संभावना पर ध्यान दिया और कहा, च्अगर जीवन है, तो चुनावी रैलियां और बैठकें हो सकती हैं। जीवन का अधिकार भी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिया गया है। जस्टिस यादव ने कहा, च्जान है तो जहान है। हो सके तो चुनाव स्थगित करने पर विचार करें, क्योंकि रैलियां और बैठकें बाद में हो सकती हैं जब हम सभी जीवित रहेंगे। कोर्ट ने केंद्र सरकार को COVID-19 की दूसरी लहर की भी याद दिलाई जिसने देश भर में भारतीयों के जीवन पर विनाशकारी प्रभाव छोड़ा था। यह कहते हुए कि फरवरी 2022 में होने वाले चुनावों को स्थगित किया जा सकता है, अदालत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों ने भी कोरोना वायरस संक्रमण में वृद्धि में योगदान दिया था। अदालत ने देश में कोविड के खिलाफ च्मुफ्त टीकाकरणज की दिशा में केंद्र की पहल के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा भी की है। अदालत ने कहा, च्वह (पीएम) प्रशंसनीय हैं। अदालत उनकी प्रशंसा करती है और प्रधानमंत्री से इस भयानक महामारी की स्थिति को देखते हुए सख्त कदम उठाने का अनुरोध करती है।




# मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव टलेंगे

## गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा चिंतित, कहा-मुख्यमंत्री से बात करूंगा




**भोपाल,। मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव पर संकट के बादल और घने होते दिखाई दे रहे हैं। ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव नहीं कराने का सरकार ने ऐलान तो कर दिया लेकिन सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में जल्द सुनवाई नहीं हो पा रही है। वहीं, अब कोरोना के नए वैरियंट ओमक्रॉन और तीसरी लहर की आशंका के चलते सरकार ने नाइट कर्फ्यू के साथ कुछ सख्त गाइड लाइन जारी कर दी है। तीसरी लहर की आशंका के चलते अब सरकार पंचायत चुनाव को टाले जाने का फैसला भी ले सकती है जिसके संकेत गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी दिए हैं।**

पंचायत चुनाव को लेकर ओबीसी आरक्षण का मुद्दा राजनीतिक दलों के साथ सरकार के लिए गले की हड्डी बन गया है। सरकार ने विधानसभा में सर्वसम्मति से ओबीसी आरक्षण के बिना पंचायत चुनाव नहीं कराने का संकल्प तो पारित करा लिया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट से राहत मिले बिना यह संभव नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अपील कर जल्द सुनवाई का आग्रह किया था लेकिन अदालत ने तीन जनवरी की तारीख दी है। इस तरह अदालत ने सरकार की जल्द सुनवाई के आग्रह को ठुकरा दिया है। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग की चुनाव प्रक्रिया चल रही है जिसमें पहले और दूसरे चरण के मतदान वाले पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने व नाम वापसी के बाद अब चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। जब तक सुप्रीम कोर्ट में तीन जनवरी को सुनवाई होगी तब तक तीसरे चरण के मतदान वाले पदों के लिए भी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और पहले चरण के मतदान में तीन दिन ही शेष बचेंगे। ऐसे में ओबीसी आरक्षण वाले करीब 69 हजार पदों पर अन्य पदों के साथ चुनाव कराने की सरकार की कोशिशें पूरी नहीं हो पाएंगी और सरकार के पास पंचायत चुनाव को टालने के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं होगा।

### लोगों की जान बचाना पहली प्राथमिकता



मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव किसी की जिंदगी से बड़ा नहीं है। लोगों की जान हमारे लिए पहली प्राथमिकता है। पंचायत चुनाव का जो अनुभव है, जो दूसरे प्रदेशों में हुए थे, उससे काफी नुकसान हुआ था। लोगों की सेहत असर पड़ा था। मेरी व्यक्तिगत राय है कि कोरोना की दहशत और आहट को देखते हुए पंचायत चुनाव को टाला जाना चाहिए। इस बारे में सीएम शिवराज सिंह चौहान से बात करूंगा। गृहमंत्री से पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. गिरीश गौतम भी पंचायत चुनाव टलने के संकेत दे चुके हैं। ओबीसी आरक्षण के मुद्दे के साथ ही मध्यप्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते पंचायत चुनाव के टाले जाने की बात सामने आ रही है। गृहमंत्री मिश्रा के रूख से साफ है कि चुनाव को लेकर जल्द ही कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। एक दिन पहले ही गुरुवार को विधानसभा में सर्वसम्मति से अशासकीय संकल्प पारित किया गया था कि मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव ओबीसी आरक्षण के बिना न हों। सरकार विधानसभा का यह संकल्प राज्य निर्वाचन आयोग को भेज रही है। इससे साफ है कि अब आयोग तय करेगा कि चुनाव की प्रक्रिया जारी रहेगी या फिर इसे टाला जाएगा? इससे पहले बुधवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा था कि मध्यप्रदेश में चल रहे पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित नहीं होंगे। प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश भी जारी किए गए।

**अनुकंपा नियुक्ति के लिए मांगी थी घूंस**

# चित्रकूट में एक लाख की रिश्वत लेते धराए सीएमओ



गिरफ्तार सीएमओ

**सतना।** जिले के चित्रकूट में लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर नयागांव में स्थित नगर परिषद के सीएमओ को एक लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त रीवा गोपाल सिंह धाकड़ के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई आज की गई है। जहां अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के नाम पर आरोपित कृष्ण पाल सिंह मुख्य नगर पंचायत अधिकारी चित्रकूट जिला सतना को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए उसके शासकीय निवास से रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपित कृष्ण पाल सिंह द्वारा शिकायतकर्ता अनिल तिवारी निवासी नयागांव से अनुकंपा नियुक्ति के लिए रिश्वत की मांग की गई थी। जैसे ही शिकायतकर्ता आज सुबह चित्रकूट के नयागांव स्थित सीएमओ के शासकीय आवास पर पहुंचा तो सीएमओ केपी सिंह उससे मिला और पहले से लोकायुक्त द्वारा प्लांट की गई राशि एक लाख रुपये की रिश्वत शिकायतकर्ता से अपने हाथ के ले ली। इसी दौरान अचानक मौके पर पहुंची लोकायुक्त रीवा की टीम ने आरोपित सीएमओ को रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रेप कर लिया।

**पाकिस्तान में बैठे कट्टरपंथी संगठनों का हाथ होने की आशंका, मरने वाले के शरीर पर मिला धार्मिक निशान का टैटू**

# लुधियाना ब्लास्ट में खालिस्तानी एंगल

**लुधियाना ( पंजाब )।** लुधियाना में कोर्ट परिसर में गुरुवार को हुए बम धमाके में नए नए खुलासे हो रहे हैं। धमाके में मारे गए व्यक्ति के शरीर पर एक धार्मिक निशान मिला है। इससे धमाके में खालिस्तानी एंगल की संभावनाएं बढ़ गई हैं। वहीं चंडीगढ़ में शुक्रवार को सीएम चरणजीत चन्नी ने कहा कि धमाके में आरडीएक्स के इस्तेमाल की आशंका है। गुरुवार को ब्लास्ट के बाद कचहरी परिसर की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। शुक्रवार को जांच के बाद ही हर व्यक्ति को कोर्ट में जाने दिया गया। वहीं आज भी बड़े नेता मौके पर पहुंच रहे हैं। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू लुधियाना का दौरा करेंगे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के भी लुधियाना आने की संभावना है।



### आईएसआई रच रही आतंकी हमले की साजिश

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई पंजाब में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रही है। यह आशंका पिछले माह आईबी ने पंजाब सरकार व गृहमंत्रालय को जारी एक पत्र में जाहिर की गई थी। 15 अगस्त के बाद से 25 बार से ज्यादा ड्रोन भारतीय सीमा में घुस चुके हैं। हथियार, हेरोइन और टिफिन बम भिजवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही 11 टिफिन बम बरामद हो चुके हैं। आईबी और काउंटर इंटेलिजेंस के आला अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पंजाब में टिफिन बम का खतरा काफी है क्योंकि काफी मात्रा में टिफिन बम अभी बरामद नहीं हुए हैं। अजनाला की घटना के तार भी आतंकियों से जुड़े मिले थे। अजनाला के शर्मा फिलिंग स्टेशन पर ब्लास्ट की घटना के बाद पुलिस ने पास ही के गांव के चार युवकों को पकड़ा था। जिनमें से रूबल और विक्की दोनों कासिम और पाकिस्तान में बैठे इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के चीफ भाई लखबीर सिंह रोडे के संपर्क में थे।

### पूछताछ में आतंकियों से मिली थी जानकारी

दिल्ली में 15 सितंबर को गिरफ्तार छह आतंकियों जान मोहम्मद, ओसामा, मूलचंद, जीशान, मोहम्मद अबू बकर, मोहम्मद आमिर जावेद से भी पूछताछ में इसकी जानकारी मिली थी कि उन्हें पंजाब से ही विस्फोटक सामग्री की सप्लाई की गई थी। हैंड ग्रेनेड व अन्य हथियार केवल पंजाब के खालिस्तान समर्थक आतंकियों के हौसले बढ़ाने के लिए सप्लाई किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल करके स्थानीय आतंकी अपनी ट्रेनिंग पूरी कर सकें। आईबी बार-बार पंजाब में हाई अलर्ट कर रही है कि किसी बड़ी वारदात की फिराक में आतंकी संगठन हैं। पंजाब में जितनी भी खेप आरडीएक्स व टिफिन बम की बरामद हुई है, उसके तार पाकिस्तान बैठे इंटरेनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के प्रधान लखबीर सिंह रोडे से जुड़े पाए गए हैं।

### बब्बर खालसा का मकसद

बता दें कि बब्बर खालसा एक ऐसा आतंकवादी संगठन है जिसका मुख्य मकसद एक स्वतंत्र सिख देश च्खालिस्तानज बनाना है। बब्बर खालसा के सदस्य कनाडा, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम और भारत के कुछ हिस्सों में मौजूद हैं। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि रिंदा कुछ बरसों पहले पाकिस्तान भाग गया था। उसने वहीं से पंजाब में कुछ गैंगस्टरों को इस धमाके के लिए तैयार किया था। पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां इस धमाके की अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि लाहौर-आधारित एक खालिस्तानी गुट इस हमले का मास्टरमाइंड हो सकता है। इस एंगल को भी खंगाला जा रहा है। इसके अलावा इस धमाके की राजनीतिक एंगल से भी जांच की जा रही है। पंजाब में अगले ही साल विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि, आतंकी साजिश की जांच प्राथमिकता के तौर पर की जा रही है। केंद्रीय एजेंसियां पंजाब सरकार को दैनिक तौर पर अलर्ट भेज रही हैं।

शुभांक - 3-8-2

कटनी, जबलपुर, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष तथा सांसद विष्णुदत्त शर्मा का कटनी आगमन कल



**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष तथा कटनी खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णुदत्त शर्मा का 25 दिसम्बर शनिवार को कटनी आगमन हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा रेवांचल एक्सप्रेस से सुबह 4. 30 बजे कटनी पहुंचेंगे। सर्किट हाउस में कुछ समय विश्राम के पश्चात वे भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर बजरंग अखाड़ा दुर्गा मंदिर वंशस्वरूप वार्ड में फल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पहले भाजपा महिला मोर्चा द्वारा राजस्थान ट्रांसपोर्ट कंपनी, बरगवां में जिला कार्यालय मोड़ पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। सुबह 10.30 बजे भाजपा जिला कार्यालय में प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी तथा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। दोपहर 12 बजे प्रदेशाध्यक्ष जबलपुर प्रस्थान करेंगे।

## चिन्ह आवंटन के बाद सोशल मीडिया पर छाया पंचायत चुनाव

# अब सियासी गणित

**कटनी।** पंचायत चुनाव का बिगुल अंततः कल प्रतीक चिन्हों के आवंटन के साथ बज गया अब तक तो लग रहा था कि चुनाव टल जाएंगे लेकिन अब राजनीतिक दलों को भी अहसास हो गया है कि चुनाव हो ही जाएंगे। इसके साथ ही अब चुनाव को लेकर प्रचार का दौर भी प्रारंभ हो गया है। राजनीति दलों कार्यालय या फिर कद्दावर नेताओं के यहां भी उम्मीदवारों का आना जाना शुरू है। कल दिन भर मानमन्नौवल का दौर भी चला कहीं पासा फिट बैठा तो कहीं मामला उलझ गया। सामान्य सीटों पर उम्मीदवार ज्यादा हैं। इन्ही सीटों पर मामला उलझा हुआ है। चुनाव परिणामों पर रोक है फिर भी उम्मीदवारों में उत्साह की कमी नहीं है। इसकी बानगी फेसबुक और व्हाट्सएप पर कल शाम से जो दिखना शुरू हुई मानों ऐसा लगा कि पूरा चुनाव सोशल मीडिया पर ही हो जाएगा। सोशल मीडिया पर पंपलेट पोस्टर की बाढ़ सी आ गई। अभी तक यह तय नहीं हो पाया कि कौन सा दावेदार किस पार्टी से जुड़ कर चुनाव लड़ रहा है लेकिन गैरदलीय आधार के बावजूद यह




समझना ज्यादा कठिन काम नहीं है क्योंकि कुछ क्षेत्रों में तो सीधे पार्टी के कार्यकर्ता ही चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। एक क्षेत्र से एक ही राजनीतिक दल के दो से अधिक उम्मीदवारों वाले जिला तथा जनपद के कई क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में सियासी गणित भी बैठाने की पुरजोर कोशिश चल रही है। कुछ जगह बात बनने की भी खबर है लेकिन कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां बात बनती कम और बिगड़ती ज्यादा नजर आ रही है। खैर इस सब के बीच बड़े नेताओं की पूछ परख बढ़ गई है। चुनाव को लेकर संसय समाप्त होता जा रहा है। पहले तो इसे लेकर शहर के प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने चुप्पी साध रखी थी लेकिन अब यह चुप्पी धीरे धीरे टूट रही है। आने वाले दिनों में पंचायत चुनाव की गर्मी ठंड पर भारी पड़ेगी यह तो तय है। इसमें राजनीति दलों की क्या स्ट्रेटजी होती है यह फिलहाल पता नहीं है। दरअसल चुनाव परिणाम जिले ही नहीं पूरे प्रदेश की राजनीति पर असर डालेंगे या यूं कहा जाए कि यह आने वाले विधानसभा या फिर लोकसभा चुनाव के लिए भी आइना दिखाने का काम करेंगे।

## शीतकालीन अवकाश पर कोरोना की दहशत भारी



**कटनी।** मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश कल 25 दिसंबर से शुरू होंगे। बता दें कि इस बार स्कूल शिक्षा विभाग ने बच्चों को छह दिन की शीतकालीन छुट्टियां देने की घोषणा की है। स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार बच्चों को 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक छह दिनों का अवकाश मिलने वाला है। कटनी में भी इन अवकाशों को लेकर आदेश जारी हो चुके हैं पारीक्षाओं पर असमंजस के बावजूद बच्चों को इन अवकाश में तैयारियों की चिंता है। कई परिवारों ने अवकाश को लेकर प्लानिंग भी बना ली है। कटनी से सटे बसे नेशनल पार्क या फिर पिकनिक स्थल पर जाने वाले भी तैयारी कर रहे हैं। नाइट कर्फ्यू की घोषणा के कारण लोगों ने दिन की तैयारियां ही ज्यादा की हैं। रात में सार्वजनिक कार्यक्रम भी लगभग स्थगित हो चुके हैं। घरों में नए वर्ष या फिर क्रिसमय का जश्न मनाने की तैयारी भी शुरू हो चुकी हैं। कुलमिलाकर कटनी में शीतकालीन अवकाश को लेकर उत्साह पर कोरोना की दहशत के बीच छात्रों और शिक्षकों में खुशी देखी जा सकती है। जानकारी के लिए बता दें कि प्रदेश के स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग ने कई महीने पहले ही शीतकालीन, ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिए थे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया था। जारी आदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने अवकाश तिथि घोषित की थी, जिसमें बताया गया था कि बच्चों को शीतकालीन छुट्टियां कितने दिन की मिलेंगी।

## फर्जी अनुज्ञा पत्र तैयार कर कृषि उपज मंडी को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले व्यापारी को सश्रम कारावास

### जेएमएफसी प्रथम श्रेणी की न्यायालय ने सुनाई सजा



**कटनी।** जेएमएफसी प्रथम श्रेणी की न्यायालय ने फर्जी अनुज्ञा पत्र तैयार कर कृषि उपज मंडी को मंडी शुल्क की आर्थिक क्षति कारित करने वाले आरोपी अनिल चोटवानी को धारा 420 में 2 वर्ष एवं धारा 467 में 2 वर्ष 6 माह के सश्रम कारावास और 1500 रूपये अर्थदंड एवं धारा 471 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 1 माह का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपी अनिल चोटवानी मंडी समिति का लाईसेंसी व्यापारी था। उसके द्वारा फर्जी अनुज्ञा पत्र तैयार कर 49 लाख 28 हजार 850 रूपये का चना एवं चना दाल बाहर के व्यापारियों को भेजा था एवं फर्जी अनुज्ञा पत्र के माध्यम से उसके द्वारा कृषि उपज मंडी को मंडी शुल्क 78 हजार 577 रूपये एवं निराकृत शुल्क 7 हजार 858 रूपये की आर्थिक क्षति मंडी सचिव को पहुंचाई गई थी। मंडी सचिव द्वारा अनुज्ञा पत्रों की जांच किये जाने पर अनुज्ञा पत्रों के कूटरचित होने एवं उसके माध्यम से मंडी शुल्क एवं निराकृत शुल्क की क्षति पहुंचाये जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। जिसके विवेचना उपरांत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। मामले में विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा अभियोजन की ओर से पेश साक्ष्य तथा तर्क से सहमत होते हुये आरोपी अनिल चोटवानी द्वारा फर्जी अनुज्ञा पत्र तैयार कर कृषि उपज मंडी को मंडी शुल्क की आर्थिक क्षति कारित करने के अपराध का दोषी पाया और आरोपी अनिल चोटवानी को सजा सुनाई।

## पूस की सर्द रात गरीबों पर पड़ी भारी



**कटनी।** पूस की सर्द रात गरीबों पर भारी पड़ रही है। रात्रि में पारा गिरकर 3-5 डिग्री पर पहुंच जा रहा है। ऐसे में एक कंबल के सहारे रात काटना मुश्किल हो रहा है। वहीं रात्रि में रिक्शा, आटो, टोटो वालों के साथ मुसाफिरों के लिए सर्द रात में यदा कदा जगह ही अलाव नसीब हो रहा है। शहर में मुख्य चौक-चौराहों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर गरीबों को ठिठुरते देखा जा सकता है। इक्का दुक्का संस्थाओं के कंबल कुछ गरीबों को मिले है। लेकिन आवश्यकता के अनुसार इसका वितरण नहीं हो पाया। कहा जाए तो अचरज नहीं इसबार गरीबों की मदद के लिए कंबल बांटनेवाले सामाजिक संगठन भी गिनती के ही सामने आए हैं। इस सप्ताह ठंड में अचानक वृद्धि हुई है। दो दिनों से सुबह और रात्रि में शीतलहर शरीर को भेदने जैसा अहसास करा रहा है। सुबह सात बजे तक और रात्रि में नौ बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। रात्रि के वक्त बाइक, रिक्शा, आटो जैसे खुले वाहनों में सफर करने से शीतलहर हांड़कंपाने वाली होती है। हालांकि दिन में धूप से थोड़ी राहत महसूस होती है। ठंड बढ़ने से शहरी एवं ग्रामीण इलाके के बाजारों में अवस्थित कपड़े की दुकान पर लोग गर्म कपड़ों की खरीदारी प्रारंभ कर दिए हैं। कटनी की चौपाटी में गर्म कपड़ों की दुकान लगी हैं ।फुटपाथों पर अस्थायी गर्म कपड़ों की दुकानें खुल गई हैं।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में

रोजाना 2 शो ता. 24 से सुबह 10 एवं 12:30 बजे से



SPIDERMAN
(NO WAY HOME )
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

रोजाना 1 शो ता. 24 से दोपहर 3 बजे से



साइंस फिक्शन फिल्म
MATRIX
Resurrections
कलाकार- कीनू रीव्स, लॉरेंस फिशबर्न, यूगो वीविंग आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 5 शो ता. 24 से 10, 12.30, 3.30, 7 एवं रात्रि 10 बजे से
83
कलाकार-रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, ताहिर राज भसीन, एमी विर्क आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

## खड़ौला तथा चाका में हुआ आनंद सभा सत्र का आयोजन

### मतदाता जागरुकता को लेकर भी आयोजित हुई गतिविधि



कटनी। गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खडौला एवं चाका में विद्यार्थियों के बीच 'आनंद सभा सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को आनंद संस्थान एवं आनंद सभा का संक्षिप्त परिचय दिया गया। साथ ही प्रेरणादायक गतिविधि एवं 'जो भी दे सको (मदद)' पर आधारित सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले सहित आनंदम सहयोगी बालमुकुंद मिश्रा भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में मतदान जागरूकता अभियान के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल खड़ौला एवं हाई स्कूल, चाका के विद्यार्थियों को आनंद सभा सत्र के अतिरिक्त 'मतदाता जागरूकता अभियान' द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक विद्यार्थी मतदान के दिन अपने गांव के प्रत्येक नागरिकों को, जो मतदान करने योग्य है, उसे मतदान करने हेतु प्रेरित करें और एक विद्यार्थी कम से कम ऐसे तीन मतदाताओं को ढूंढें, जो मतदान के दिन मत प्रयोग नहीं कर रहे हैं, उन्हें आग्रह पूर्वक मतदान केंद्र में मतदान हेतु लेकर जाएं। इन गतिविधियों के आयोजन के दौरान संबंधित विद्यालयों के प्रभारी प्राचार्यों ने विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ आनंद सभा में शामिल हुये।

## तीसरी लहर का खतरा आ गया लेकिन नहीं मिली कोविड की प्रोत्साहन राशि




**कटनी।** कटनी जिले में अब तक कई जगह कर्मचारियों को पहली कोरोना लहर की प्रोत्साहन राशि नहीं मिली। एक उदाहरण बरही और बड़वारा ब्लाक में देखने मिली जहां की आशा कार्यकर्ताओं को अभी तक कोविड 19 का मानदेय और प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई। जिससे नाराज आशा कार्यकर्ताओं ने ब्लाक मेडिकल आफीसर डॉ अनिल झामनानी को उनके द्वारा कोविड काल तथा कोविड महाअभियान में किये गए कार्य की प्रोत्साहन राशि शीघ्र प्रदान करने लिए ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन आशा उषा संघ की प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा ठाकरे के निर्देशन तथा प्रदेश महासचिव सीमा अमित पटेल के मार्गदर्शन व ग्रामीण जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह के नेतृत्व में बड़वारा ब्लाक की अध्यक्ष धनिया विश्वकर्मा एवं बरही ब्लॉक की अध्यक्ष साधना सिंह की मौजूदगी में सौंपा।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 24 से 6.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से



PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 24 से दोपहर 12,3,6 एवं रात्रि 10 बजे से
83
कलाकार- रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, ताहिर राज भसीन, एमी विर्क आदि।


## लंबित मामले शीघ्र निपटाने डीआईजी के निर्देश



**कटनी।** जबलपुर रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक का पदभार संभालने के बाद डीआईजी आर एस एस परिहार का आज निरीक्षण पर कटनी आगम हुआ। अपने कटनी प्रवास के दौरान डीआईजी श्री परिहार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सभी पुलिस अधिकारियों पर सुशासन दिवस पर शपथ दिलाई गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया सहित दूसरे पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## वार्षिक निरीक्षण पर 27 को आएंगे रेल जीएम

### आगमन की तैयारियों में जुटा रेल अमला





**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता का 10 दिसंबर को वार्षिक निरीक्षण दौरा कार्यक्रम टलने के बाद अब 27 दिसंबर को तय हो गया है। अब 27 दिसंबर सोमवार को रेल महाप्रबंधक वार्षिक निरीक्षण दौरा कार्यक्रम के तहत कटनी में रहेंगे। रेल महाप्रबंधक के आगमन को लेकर कटनी का पूरा रेल अमला महाप्रबंधक के आगमन की तैयारियों में जुट गया है। रेलवे स्टेशन से लेकर रेल परिसरों को रंगरोगन कर दुल्हन की तरह चमकाया जा रहा है। रेल क्षेत्र की सड़कों के गडढे भरे जा रहे हैं। रेलसूत्रों के मुताबिक वार्षिक निरीक्षक दौरा कार्यक्रम के रेल महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता 27 दिसंबर सोमवार की सुबह 12 बजे के लगभग जीएम स्पेशल ट्रेन से कटनी जंक्शन पहुंचेंगे। इसके बाद वो लगभग 3 घंटे कटनी में रहकर यहां चल रहे निर्माणकार्यों का निरीक्षण करेंगे। जीएम के आगमन को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। गौरतलब है कि इसके पूर्व रेल महाप्रबंधक श्रीगुप्ता 10 दिसंबर को वार्षिक निरीक्षण पर कटनी आने वाले थे लेकिन किसी कारणवश उनका यह प्रोग्राम टल गया था।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 24 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# जून 2023 तक पूरा करें बरगी टनल का काम

## जो लक्ष्य निर्धारित उससे कोई समझौता नहीं करेंगे, टनल में उतरकर एसीएस ने आखिरी छोर तक देखी कार्य की प्रगति

**कटनी।** करीब एक दशक से भी ज्यादा समय बीतने के बाद भी बरगी नहर परियोजना का निर्माण पूरा हो सका है। मुख्यमंत्री, मंत्री के साथ राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश देने के बाद भी बरगी नहर परियोजना का काम मंथर गति से चल रहा है। अब नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के वाइस चेयरमैन व अपर मुख्य सचिव आईसीपी केशरी स्लीमनाबाद के पास बन रही टनल के कार्य की प्रगति देखने के लिए कटनी पहुंचे हैं। श्री केशरी गुरूवार को टनल की अप व डाउन स्ट्रीम में अधिकारियों के साथ खुद उतरे और नजदीक से कार्य की प्रगति देखी। दोनों छोर से निरीक्षण के बाद श्री केशरी ने रिव्यू भी किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा भी मौजूद थे। गुरूवार की सुबह श्री केशरी अधिकारियों व क्रियांवयन एजेंसी के साथ खिरहनी गांव स्थित डाउन स्ट्रीम पहुंचे और लोकल के जरिए टनल के आखरी छोर तक पहुंचकर उन्होंने कार्य की प्रगति को नजदीक से देखा। टनल में किए जा रहे कार्य को लेकर उन्होंने अधिकारियों व क्रियांवयन एजेंसी के सदस्यों से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। डाउन स्ट्रीम का निरीक्षण करने के बाद एसीएस श्री केशरी उमरियापान की ओर के अप स्ट्रीम में पहुंचे और वहां पर अधिकारियों के साथ टनल में उतरकर किए जा रहे कार्य का नजदीक से निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होंने क्रियान्वयन एजेंसी के प्रतिनिधियों से आगामी माह की योजना को लेकर भी चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। एसीएस ने कहा कि वर्ष 2023 तक जो लक्ष्य दिया गया है, उसे पूरा किया जाए। निर्धारित समय पर काम पूरा करने पर फोकस किया जाए।





### एसीएस को कलेक्टर ने भेंट की आधारशिला पर केन्द्रित कैटलॉग

स्लीमनाबाद के पास नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे टनल निर्माण कार्य की प्रगति देखने कटनी प्रवास पर पहुंचे वाइस चेयरमैन व एसीएस आईसीपी केशरी को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत चुने गए कटनी स्टोन व उसको बढ़ावा देने के लिए आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला के विषय में जानकारी दी। एसीएस श्री केशरी को कलेक्टर श्री मिश्रा ने कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला पर आधारित कैटलॉग भेंट किया। आधारशिला कार्यक्रम के दौरान देश के अलग-अलग स्थानों से आए शिल्पकारों ने कटनी स्टोन पर शिल्प निर्माण किया था। कलेक्टर श्री मिश्रा ने एसीएस श्री केशरी को कटनी स्टोन पर बनी कलाकृति भी भेंट की। श्री केशरी ने कटनी स्टोन को बढ़ावा देने किए गए आयोजन की तारीफ की।



### निरीक्षण के बाद समीक्षा, दिए निर्देश

टनल का निरीक्षण करने के बाद एसीएस ने अप स्ट्रीम क्षेत्र में ही कार्य की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टनल निर्माण का कार्य तेज गति से करने की जरूरत है। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति की समीक्षा की। डीएमआरसी की रिपोर्ट का विस्तार से रिव्यू भी श्री केशरी ने किया और उन्होंने डीएमआरसी की रिपोर्ट पर अप एवं डाउन स्ट्रीम पर कार्य कर रही वर्किंग एजेंसी से बिंदुवार जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए। श्री केशरी ने कहा कि काम समय पर पूरा हो, इसके लिए सबसे पहले समन्वय की जरूरत है और उसके साथ सुरक्षा को ध्यान में रखें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि स्थानीय जनों को विश्वास में लेकर काम करें व उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दें। समीक्षा के दौरान एसीएस श्री केशरी ने कहा कि जून 2023 तक का हमारा जो लक्ष्य निर्धारित है, उससे किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और इसको ध्यान में रखकर की काम को निर्धारित अवधि में पूरा कराएं। उन्होंने ग्राउटिंग कार्य की भी समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### हर मशीन की समझी वर्किंग, देखे सुरक्षा के उपाय

एसीएस श्री केशरी ने अप व डाउन स्ट्रीम में टनल निर्माण कार्य में लगी एक-एक मशीन की वर्किंग की जानकारी अधिकारी व क्रियान्वयन एजेंसी से ली। साथ ही मशीनों से कराए जा रहे कार्य में सुरक्षा के उपाय भी देखे। उन्होंने निर्माण एजेंसी के सदस्यों से आने वाले समय में किस तरह की परेशानी आ सकती हैं, इसको लेकर भी चर्चा की और उनको ध्यान में रखकर काम कराने के निर्देश प्रदान किए।

## शहर में स्वच्छता का ढिंढोरा और यहां बह रहा गंदा पानी



यह दृश्य शहर के एकमात्र खेल मैदान फारेस्टर प्लेग्राउण्ड का है, जहां नगर निगम द्वारा संचालित वेंकट लायब्रेरी परिसर में बने टायलेट से गंदे पानी की निकासी ग्राउण्ड की तरफ की जा रही है। जिसकी वजह से ग्राउण्ड में सुबह और शाम के समय वॉकिंग के लिए आने वाले लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में एक तरफ स्वच्छता का ढिंढोरा पीटा जा रहा है तो वहीं दूसरी वेंकट लायब्रेरी परिसर स्थित टायलेट से गंदे पानी की निकासी के लिए कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि पूर्व में टायलेट से गंदे पानी की निकासी सीधे नाली में की जाती थी लेकिन नाली चोक होने के बाद अब गंदा पानी ग्राउण्ड की ओर बह रहा है।

**शासकीय प्राथमिक शाला इंद्रानगर गोदाना में अतिरिक्त कक्ष भवन निर्माण में नया खुलासा**

# प्रधानाध्यापक ने स्कूल की बजाए घर पर उतरवाई निर्माण सामग्री

**कटनी/रीठी।** रीठी विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला इंद्रानगर गोदाना में अतिरिक्त कक्ष निर्माण में शासकीय राशि के हेरफेर मामले में अब नया खुलासा हुआ है। नियमानुसार अतिरिक्त कक्ष का निर्माण पालक शिक्षक संघ को कराना था और बैंक से पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष और स्कूल के प्रधानाध्यपक (सचिव) के संयुक्त हस्ताक्षर से राशि का आहरण किया जाना था लेकिन इस मामले में स्कूल के प्रधानाध्यपक द्वारा ही निर्माण कार्य कराते हुए राशि का आहरण किया गया और संबंधितों को चैक काटकर दिए गए। पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष द्वारा अपने लिखित बयान में इस बात की जानकारी दी गई है कि उन्हें न तो भवन निर्माण की कोई जानकारी प्रधानाध्यपक द्वारा दी गई है और न ही किसी भी चैक में हस्ताक्षर करवाए गए। अध्यक्ष का यह भी कहना है कि अतिरिक्त कक्ष का निर्माण पुराने भवन को तोड़कर किया जा रहा है। उधर इस मामले में ग्राम गोदाना के व्यापारी ने भी अपने बयान में प्रधानाध्यपक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि निर्माण कार्य की राशि के भुगतान के बाद प्रधानाध्यपक द्वारा अपने घर पर निर्माण सामग्री रखवाई जाती है। बहरहाल बीआरसी और बीईओ द्वारा इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद इस पूरे मामले में रहस्योद्घाटन हो पाएगा।

**शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष से हस्ताक्षर कराए बिना काटे चैक, किया राशि का भुगतान**

### क्या है मामला

बताया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला इंद्रानगर गोदाना में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण 4 लाख 40 हजार रूपए की लागत से कराए जाने की स्वीकृति दी गई। जून में मिली स्वीकृति के बाद अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी शुरू हुआ। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इसकी नियमित जांच के लिए बीएसी एवं जनशिक्षक ग्राम इंद्रानगर गोदाना पहुंचे और अतिरिक्त कक्ष के अवलोकन करने के साथ ही प्रधानाध्यपक स्वरूपलाल से राशि आहरण के संबंध में पूछताछ की। इसी दौरान प्रधानाध्यपक स्वरूपलाल द्वारा बड़गांव के जनशिक्षक राकेश जैन के खाते में राशि हस्तांतरित करने की बात कही गई। यहीं से इस मामले का खुलासा हुआ। बताया जाता है कि जनशिक्षक राकेश जैन से जब पूछताछ की गई तो उनका कहना था कि उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं है कि प्रधानाध्यपक स्वरूपलाल द्वारा उनके बैंक खाते में राशि जमा कराई गई है। उन्होंने उसी दिन तत्काल वह राशि वापस उसी बैंक खाते में जमा करा दी। इसके बावजूद इस मामले में केवल जनशिक्षक राकेश जैन को दोषी ठहराया जा रहा था, जबकि यदि इस मामले की यदि बारीकी से जांच कराई जाए तो प्रधानाध्यपक स्वरूपलाल के साथ ही अन्य कई लोगों की इस मामले में संलिप्तता उजागर होगी।

### व्यापारी ने कहा : प्रधाध्यपक ने घर पर उतरवाई निर्माण सामग्री

एक तरफ इस पूरे प्रकरण की जांच बीईओ और बीआरसी द्वारा की जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ जांच के दौरान इन्द्रानगर गोदाना के व्यापारी योगेन्द्र सिंह चौहान द्वारा अपने लिखित बयान में यह कहा गया है कि स्कूल के प्रधानाध्यपक स्वरूपलाल द्वारा निर्माण सामग्री अपने घर पर उतरवाई गई है। शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष और व्यापारी के इस कथन से मामले की जांच की दिशा ही मुड़ गई है और स्कूल के प्रधानाध्यपक पर ही कई तरह के गंभीर आरोप लग रहे हैं। इस पूरे मामले में एक तथ्य यह भी सामने आया है कि स्कूल के प्रधानाध्यपक स्वरूपलाल द्वारा स्कूल में ही पदस्थ एक अन्य शिक्षक हरिप्रसाद, उसकी पत्नी और उसके पुत्र के नाम से चैक काटे गए हैं।

### जिला परियोजना समन्वयक ने दिए जांच के निर्देश

जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया ने बताया कि इस मामले की खुलासा होने के बाद पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। रीठी के बीआरसी और बीईओ को जांच प्रभारी बनाया गया है। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। डीपीसी ने यह भी बताया कि शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष उपासना रैकवार द्वारा अपने लिखित कथन में इस बात की जानकारी दी गई है कि प्रधानाध्यपक स्वरूपलाल द्वारा उन्हें न तो भवन के निर्माण की कोई जानकारी दी गई और न ही कभी चैक में हस्ताक्षर करवाए, इसके अलावा अतिरिक्त कक्ष भवन का निर्माण पुराने भवन को तोड़कर करवाया जा रहा है। उपासना रैकवार का यह भी कहना है कि इस संबंध में जब प्रधानाध्यपक स्वरूपलाल से बात की गई तो उसके द्वारा टालामटोली की जाती रही।

# पंचायत चुनाव डाटा फ्रीज में पाई गई त्रुटि, 5 अफसरों को नोटिस

**कटनी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते ने त्रि-स्तरीय पंचायत स्थानीय निर्वाचन 2021-22 अंतर्गत डाटा फ्रीज में की गई त्रुटि पर 5 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि एनआईसी के निर्वाचन पोर्टल पर संबंधित अधिकारियों द्वारा फ्रीज डेटा के अवलोकन में त्रुटि पाई गई। जो कि निर्वाचन नियमों के विपरीत है। जिससे निर्वाचन कार्य में व्यवस्थान उत्पन्न हुआ है। जिस पर संबंधितों को जारी किये गये नोटिस में जवाब मांगा गया है कि क्यों ना आपके विरुद्ध पंचायत निर्वाचन अधिनियम अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाये। तत्संबंध में अपना प्रतिउत्तर पत्र प्राप्ति के तत्काल प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाई प्रास्तावित कर दी जायेगी। जिन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछारगांव बड़ा विकासखण्ड ढीमरखेड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा और प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल छपरा/देवरी संकुल स्लीमनाबाद विकासखण्ड बहोरीबंद शामिल हैं।

**उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की कार्रवाई**

# जिला पंचायत सदस्य के 7 उम्मीदवारों ने छोड़ा मैदान




**10 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 38 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला, जनपदों में सदस्य के लिए 240 अभ्यर्थी, 19 ने वापस लिए पर्चे**

### जिला एवं जनद पंचायत सदस्यों की जानकारी

| पद | कुल नामांकन | नाम वापस | शेष उम्मीदवार |
|---|---|---|---|
| जिला पंचायत सदस्य | 38 | 07 | 31 |
| **जनपद सदस्य** | | | |
| जनपद पंचायत कटनी | 53 | 07 | 46 |
| जनपद पंचायत बड़वारा | 70 | 04 | 66 |
| जनपद पंचायत रीठी | 54 | 04 | 50 |
| जनपद पंचायत बहोरीबंद | 82 | 04 | 78 |
| **कुल योग** | **259** | **19** | **240** |

**कटनी।** पंचायत निर्वाचन 2021-22 में नाम निर्देशन पत्र जमा होने के बाद कलेक्ट्रेट व जनपद पंचायत स्तर पर नामांकन की जांच की गई और गुरूवार को नाम वापिसी की प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कराई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 38 नामांकन स्वीकृत हुए थे। जिसमें से गुरूवार को सात अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए और अब मैदान में 31 अभ्यर्थी शेष बचे हैं। वहीं जनपद पंचायत स्तर पर जनपद सदस्य पद के नामांकन वापिसी की प्रक्रिया गुरूवार को कटनी, बड़वारा, रीठी व बहोरीबंद जनपद पंचायत में हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी परस्ते ने बताया कि जनपद पंचायत कटनी में जनपद सदस्य पद के लिए कुल 53 नाम निर्देशन पत्र स्वीकृत हुए थे, जिसमें से 7 लोगों ने अंतिम दिन अपना नाम वापस ले लिया। इसी प्रकार जनपद पंचायत बड़वारा में स्वीकृत कुल 70 नाम निर्देशन में से 4 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिए तो जनपद पंचायत रीठी से सदस्य पद के स्वीकृत 54 नामांकन में से 4 लोगों ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली। बहोरीबंद जनपद पंचायत में सदस्य पद के लिए स्वीकृत 82 फार्मो में से 4 अभ्यर्थियों ने गुरूवार को अपने नाम रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर वापस ले लिए, जिसके बाद अंतिम सूची जारी की गई। विदिता हो कि पहले चरण के लिए आगामी 6 जनवरी को मतदान होना है। ओबीसी आरक्षण पर फंसे पेंच के बीच नाम वापसी के बाद अब उम्मीदवार जनसंपर्क में जुट जाएंगे और मतदाताओं से मेल मुलाकात का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### मतदान के दिन दुकान एवं वाणिज्यक संस्थानों के कामगारों को मतदान के लिये दिया जायेगा समय

**कटनी।** श्रम पदाधिकारी कटनी ने बताया कि पंचायत चुनाव के अंतर्गत मतदान के दिन संबंधित पंचायतों के मतदान क्षेत्रों में आने वाले दुकान एवं वाणिज्यक संस्थानों के कामगारों को मतदान के लिये पर्याप्त समय दिया जायेगा। इस संबंध में नियोजकगण तथा प्रबंधकगण मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत दुकान, स्थापनाओं में कार्यरत कर्मचारियों व मजदूरों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिये समुचित सुविधा तथा कामगारों को बारी-बारी से मतदान करने के लिये पर्याप्त समय प्रदान करने की अनुमति देंगे।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

# आम आदमी पार्टी ने दो वार्डों में चलाया सदस्यता अभियान

कटनी। आगामी पंचायत, नगरीय निकाय और विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आम आदमी पार्टी द्वारा जिले में सदस्यता अभियन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 दिसंबर को महात्मा गांधी वार्ड व रघुनाथ गंज वार्ड घंटाघर में आम आदमी पार्टी का सघन सदस्यता अभियान सम्पन्न हुआ। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में युवा साथियों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की व पार्टी की नीति व रीतियों को सराहा। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से लक्की सिंह रावत, यूथ विंग जिलाध्यक्ष, अफरोज अहमद, गुप्तेश्वर साहू, कृष्ण कुमार भास्कर, सुदामा इडनानी, सोनू गट्टानी, अभिषेक बजाज, ज्योति हरजानी, प्रतीक पाठक, सूरज रावत, आदि यूथ विंग के पदाधिकारियों की सराहनीय उपस्थिति रही।




### दो पालियों में लोक सेवकों की लगाई गई ड्यूटी

कटनी। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिये निर्वाचन कार्यालय से दूरभाष नंबर 223939 पर लगातार आने वाले कॉल को समय-समय पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पंचायत निर्वाचन कार्य में लगे हुये अधिकारियों को दिये गये निर्देशानुसार जानकारी उपलब्ध कराने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में जारी आदेश के तहत सहायक ग्रेड-3 शैलेन्द्र देशमुख को प्रात: 10 बजे से सांय 4 बजे तक ड्यूटी पर लगाया गया है। वहीं शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक समयपाल राम सेवक बर्मन की ड्यूटी लगाई गई है। नियुक्त किये गये कर्मचारियों निर्वाचन संबंधी सभी जानकारियों को संकलित करने के लिये उप जिला निर्वाचन अधिकारी से सतत संपर्क करते हुये कार्य संपादित करेंगे।

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. हितेश लोकवानी**

एम.बी.बी.एस., एम.डी. , डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट

(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)

**।। उपलब्ध उपचार ।।**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना

**हर माह के चौथे शनिवार को प्रातः 11 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।**

**नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।**

# समय सीमा में पूरा करें नर्मदा टनल का कार्य

## एनवीडीए वाइस चेयरमैन ने की कार्य प्रगति की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश



**कटनी।** स्लीमनाबाद का नर्मदा टनल का कार्य मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्राथमिकता में शामिल है। काम के लिए राशि की कोई कमी नहीं है, लेकिन टनल का काम प्राथमिकता के साथ समय सीमा पर पूरा होना चाहिए। बस्ती के क्षेत्र में होने वाले काम के दौरान हमें इस बात का ध्यान रखना है कि वहां पर रहने वालों की शांति व सुरक्षा में कोई कोताही न हो। टनल के काम में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के वाइस चेयरमैन आईसीपी केशरी ने कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए। श्री केशरी ने कहा कि टनल का बस्ती की ओर होने वाला कार्य महत्वपूर्ण है और इसके लिए इस काम लगी दोनों मशीनों के बीच समन्वय स्थापित कराते हुए कार्य कराएं। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन भी मौजूद थे। श्री केशरी ने स्लीमनाबाद बस्ती के अंदर होने वाले टनल के कार्य, व्यवस्थाओं सहित अन्य जानकारी भी विभागीय अधिकारियों से ली। जिसमें बताया गया कि लगभग 20 दिन के अंदर टनल का कार्य बस्ती के नजदीक पहुंच जाएगा। बस्ती में जिनके घर पड़ रहे हैं, उनको दूसरे स्थान पर भेजने के साथ भोजन आदि की व्यवस्था कराई जा रही है। जिसपर वाइस चेयरमैन श्री केशरी ने कहा कि बस्ती निवासियों को जनवरी माह के पहले सप्ताह तक हर हाल में रहने व भोजन आदि के लिए निर्धारित भुगतान करा दें ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी ग्रामीणों को न हो। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी यहां पर जिला प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारी की जानकारी दी।

### बस्ती के हिस्से में सुरक्षा का रखें पूरा ध्यान

बैठक में नर्मदा घाटी परियोजना के अधिकारियों ने बताया कि टनल निर्माण स्लीमनाबाद की जिस दूसरी बस्ती की ओर होना है, वहां पर रहने वालों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराने के लिए अस्थाई व्यवस्था की गई है। जिसपर वाइस चेयरमैन श्री केशरी ने निर्देश दिए कि जहां पर जिस स्थान पर लोगों को शिफ्ट कराया जा रहा है, वहां पर बिजली आदि की पूरी व्यवस्था करा दें। उन्होंने कहा कि, बस्ती के हिस्से में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। काम भले ही उस क्षेत्र में थोड़ा धीमा हो लेकिन असुरक्षा न हो, इसका ध्यान रखा जाए। श्री केशरी ने कहा कि जिनके मकान डेमेज हों, उनको काम होने के बाद उसी स्थिति में बनाकर दें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों से बस्ती की ओर काम के दौरान ग्राउटिंग पहले से कराने और स्थानीय जनों को समझाने की बात कही। जिस पर वाइस चेयरमैन ने निर्देश दिए कि ग्राउटिंग को लेकर ग्रामीणों के बीच जाकर उनको समझाते हुए फायदा बताएं और यह भी बताएं कि जिनका नुकसान होगा, उसकी भरपाई भी की जाएगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में स्थानीय राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि टनल निर्माण क्षेत्र में यदि कोई नया काम हो रहा है तो उसमें फिलहाल रोक लगा दें। साथ ही वर्तमान स्थिति की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए ताकि सुधार कराने के समय परेशानी न हो। इससे पहले नर्मदा घाटी प्राधिकरण के अधिकारियों ने अभी तक टनल को लेकर कराए गए कार्य और आगे की योजना की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। इस दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग व एनबीडीए सीई सहित अन्य अधिकारी के मौजूद थे।

### ढीमरखेड़ा लिफ्ट ऐरिगेशन परियोजना की भी ली जानकारी

वाइस चेयरमैन श्री केशरी ने ढीमरखेड़ा लिफ्ट ऐरिगेशन परियोजना की प्रगति की भी बैठक में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से योजना की प्रगति की जानकारी ली और सामने आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की। श्री केशरी ने अधिकारियों से रेल्वे क्षेत्र में किए जाने वाले कार्य के लिए शीघ्र अनमुति प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि सैलारपुर पम्प का कार्य तेज गति से पूरा करें। श्री केशरी ने प्रक्योरमेंट और सप्लाई प्लान का भी रिव्यू किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि झिर्री में जनवरी के अंत तक ऐरिगेशन प्रारंभ कराएं।



# कलेक्टर ने केन्द्रों का किया निरीक्षण, आवश्यक निर्देश



**कटनी।** कोविड से बचाव को लेकर जिले में वैक्सीनेशन महाअभियान चलाकर लोगों को कोविड से सुरक्षा के लिए वैक्सीन के दोनों डोज लगाने लगातार प्रयास जारी हैं। बुधवार को आयोजित महाअभियान के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शहरी क्षेत्र के वैक्सीनेशन केन्द्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्था देखीं। कलेक्टर ने पुरानी कचहरी स्थित वैक्सीनेशन केन्द्र में लोगों से संवाद भी किया। उन्होंने लोगों से अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी वैक्सीन के दोनों डोज अनिवार्य रूप से लेने के लिए प्रेरित करने को भी कहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने नालंदा स्कूल के बाहर बने वैक्सीनेशन सेंटर का भी निरीक्षण किया और मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों से वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर ने निगमायुक्त को शहर में कचरा उठाव में लगे वाहनों के माध्यम से लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक करने प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। साथ ही ई-रिक्शा में बैनर-पोस्टर आदि के जरिए प्रचार कराने के भी निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग वैक्सीनेशन कराने केन्द्रों तक पहुंच सकें। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. प्रकाश मुढ़िया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### निगमायुक्त ने सभी 33 केंद्रों में कराई व्यवस्था

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में टीकाकरण केन्द्रों में गठित टीम के सदस्यों द्वारा केन्द्रों में निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ती हेतु केन्द्रों के आसपास की बस्तियों में संपर्क कर टीकाकरण से वंचित नागरिकों को टीकाकरण करानें हेतु प्रेरित भी किया गया। निगम के अतिक्रमण वाहन द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक मार्गो में अभियान के आयोजन की मुनादी कराई जाकर नागरिकों से नजदीकी टीकाकरण केन्द्र जाकर टीकाकरण करानें की अपील कराई जाकर शत प्रतिशत लोगों को टीकाकरण का लाभ प्रदान करानें के प्रयास किये गए।

# सराफा व्यवसायी पर हमले के आरोपियों पर हो कार्रवाई

### सराफा एसोसिएशन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** सराफा एसोसिएशन कटनी के अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी के नेतृत्व में एसोसिएशन द्वारा गत दिवस पुलिस अधीक्षक कटनी को एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें बड़ागांव निवासी सराफा व्यवसायी सुशील सोनी गुड्डा पर हमला करने आरोपियों पर कोई कार्रवाई न होने से रोष व्यक्त करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि बड़ागांव निवासी सुशील सोनी पिता स्व. गिरजा सोनी जो बड़ागांव के उपसरपंच भी हैं सराफा व्यवसाय करते हैं। बीते दो दिसम्बर गुरूवार को रात्रि 10 बजे वे अपनी दुकान बंद कर बड़ागांव लौट रहे थे तभी रास्ते में कुछ लोगों ने चाकू और राड से हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। घायल सुशील सोनी ने झिंझरी चौकी थाना माधवनगर पहुंचकर शिकायत की। उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया जहां से जबलपुर रेफर कर दिया गया। जबलपुर के अनंत हॉस्पिटल में 8 दिन भर्ती रहकर अपना उपचार कराया। यहां उन पर प्राणघातक हमला करने वालों के विरूद्ध पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की न ही किसी आरोपी को अब तक गिरफ्तार किया गया। इस वारदात को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने जाने वाले व्यवसायी स्वयं को असुरक्षित समझ रहे हैं। सराफा एसोसिएशन ने मांग की है कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए जिससे भय का माहौल समाप्त हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, महामंत्री श्यामकुमार सोनी, सुरेश कुमार सोनी, मुकेश सोनी, प्रहलाद सोनी, भगवानदास सोनी, गोलू सोनी, राजेंद्र सोनी, सुनील सोनी एवं सराफा बाजार के अन्य व्यापारी बंधु शामिल हैं।



### देवीदीन आजाद उपभोक्ता संघ प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने

**कटनी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं प्रदेश सचिव की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला द्वारा देवीदीन गुप्ता आजाद को उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ कटनी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त अध्यक्ष देवीदीन द्वारा उपभोक्ता हतों के संरक्षण को लेकर आज शाम एक बैठक स्टेशन चौराहे पर आहूत की है।

# बिलहरी की पुरा संपदा का वैभव देखने भोपाल से आई टीम

## विरासत के उन्नयन सहित बिलहरी को पर्यटन केंद्र बनाने होंगे प्रयास

**कटनी।** कटनी जिले में अपने पुरा वैभव से समृद्ध एतिहासिक नगरी बिलहरी में यहाँ की विरासत के उन्नयन एवं बिलहरी में पर्यटन और इसके मध्यम से स्थानीय जनो के लिये रोजगार के अवसर सृजित किए जाने की संभावनाओं का अध्ययन करने के उद्धेश्य से इंटेक मध्यप्रदेश चेप्टर के संयोजक मदन मोहन उपाध्याय के निर्देशन पर इंटेक भोपाल से आए तीन सदस्यीय दल का चार दिवसीय प्रवास हुआ। यह दल 14 से 18 दिसम्बर तक बिलहरी बिलहरी क्षेत्र में भ्रमण कर वहां पुरातन व ऐतिहासिक धरोहरों में से लगभग 35 से अधिक इमारतों का सर्वेक्षण किया। साथ ही स्थानीय जनों, युवकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं से से सम्पर्क कर उनमे अपनी विरासत के संरक्षण के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। दल के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे पत्थर की मूर्ति, मिट्टी के घड़े, बाँस के सूपा-टोकनी आदि निर्माण करने वाले परम्परागत कारीगरों से मिलकर उनकी हस्तकला तथा इसमे होने वाले लाभ हानि की जानकारी भी प्राप्त की गई। इस तीन सदस्यीय दल में आस्तिक भारद्वाज (संरक्षण वास्तुकार), प्रशंसा नामदेव एवं तूलिका (वास्तुकार) शामिल रहे। जिनका मार्गदर्शन एवं सहयोग इंटेक के मोहन नागवानी, राजेन्द्र सिंह, के.एल. कनकने एवं सुशील शर्मा द्वारा किया गया। अध्ययन दल के साथ इंटेक की सदस्या एवं पुरातत्व की छात्रा तमन्ना मिश्रा और स्थानीय स्तर पर बिलहरी के युवा अनुज चौरसिया द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। स्थानीय निवासियों ने अध्ययन दल के सदस्यों को बतलाया कि अतीत के वैभव काल में जन सामान्य की बसाहट के संबंध में चर्चा के दौरान जानकारी दी। दल को बिलहरी के इतिहास को लेकर यहाँ प्रचलित दंत कथाओं के स्वर भी सुनने को मिले। जिनमें राजा कर्ण देव द्वारा प्रतिदिन देवी को प्रसन्न कर उनसे प्राप्त सवा मन सोना दान करने तथा उज्जयनी के राजा विक्रमादित्य का अमृत की तलाश में बिलहरी आने और यहाँ से अमृत ले जाने की रोचक कथायें लोगों द्वारा बताई गईं। अशोक चौरसिया एवं कैलाश चौरसिया द्वारा भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। बिलहरी के इतिहास एवं यहाँ की विरासत को लेकर स्थानीय निवासियों में तथ्य पूर्ण वास्तविक जानकारी को लेकर इंटेक कटनी चेप्टर द्वारा शीघ्र बिलहरी पर एक लघु पुस्तिका के प्रकाशन का कार्य किया जाना प्रस्तावित है।







# अपने अधिकारों को पहचानें उपभोक्ता, बनें जागरूक नागरिक

**कटनी।** उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में कटनी शहर के प्रेम नगर बस्ती में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उन्हें दिए गए अधिकारों की जानकारी दी गई । जिसमें सुरक्षा, चयन, सूचना, क्षतिपूर्ति, सुने जाने का अधिकार के अलावा उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार शामिल है । इस मौके पर केएल पांडे, पीतांबर भैरवानी, देवीदीन गुप्ता आजाद, सुमन सैनी, प्रीति सेन, श्रवण आहूजा, सुनीता चतुर्वेदी, रेखा तिवारी, रावी बर्मन, अर्चना दुबे, राजू खटीक, रामकुमार कुशवाहा, सूरज खटीक, सुरेश निषाद, प्रकाश चन्द्र गौतम, घनश्याम सोनी, राधा बर्मन, उर्मिला गुप्ता, सायरा बानो आदि ने भी लोगों को जागरूक करने उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की। उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सचेत उपभोक्ता, समय की आवश्यकता है।

### प्रेम नगर बस्ती में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# पहाड़ी निवार एवं पिपरौंध की शालाओं में लगी आनंद सभा



**कटनी।** गतदिवस मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी, निवार एवं पिपरौंध में कक्षा नौवीं एवं दसवीं के बच्चों के बीच आनंद सभा सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर अनिल कांबले द्वारा आनंद संस्थान एवं आनंद सभा के संबंधित संक्षिप्त परिचय दिया और एक गतिविधि कराई गई। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने सीखा की हम स्वयं का आकलन कम ना करें। वहीं इस दौरान अनिल कांबले द्वारा आनंद संस्थान का परिचय, आनंद सभा की जानकारी एवं आर्ट आफ गिविंग (मदद) के विषय में विद्यार्थियों से चर्चा की गई। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार के प्राचार्य एम.एस. वरकड़े एवं पिपरौंध के प्रभारी प्राचाय संत बक्श तिवारी ने विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ आनंद सभा में सहभागिता की और आपेक्षित सहयोग भी प्रदान किया।



# बच्चों से रोचक सवाल पूछे सीएसी ने

### एनकेजे मिडल स्कूल का निरीक्षण

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र न्यू कटनी जंक्शन स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय का जनपद शिक्षा केंद्र सिविल लाइन के सीएसी राजेश चौबे द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी कक्षाएं विधिवत संचालित मिलीं। शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जा रहे विषयों का बारीकी से अवलोकन करने के बाद सीएसी द्वारा कक्षा में जाकर सवाल-जबाव भी किये गये। उन्होंने ब्रिज कोर्स की अवधरणा से शिक्षकों और बच्चों को परिचित कराये। उनके द्वारा सभी शिक्षकों की एक बैठक लेकर अध्ययन-अध्यापन से जुड़ी कठिनाइयों का मौके पर ही निराकरण किया गया। सीएसी ने विद्यालय में पारदर्शिता तौर पर 50 प्रतिशत छात्रों को ही विद्यालय बुलाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कक्षा आठ में अध्ययनरत छात्रा संगीता बंसल ने अपने हाथ से निर्मित बांस की चिड़ीयों को सीएसी के समक्ष प्रस्तुत कर खूब वाहवाही प्राप्त की। उन्होंने प्रभारी प्रधान पाठक मार्तण्ड सिंह राजपूत से विद्यालय में संचालित समस्त गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर ब्रिज कोर्स और दक्षता उन्नयन पर बालकेन्द्रित फोकस की जरूरत पर बल दिया। विद्यालय स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुयेए उन्होंने प्रभारी शिक्षिका श्रीमती निधि पटेरिया को पुस्तकालय को और बेहतर बनाने के तरह-तरह के छात्र हितार्थ टिप्स दिये। खेलकूद की सामग्री का अवलोकन करते हुये उन्होंने प्रभारी शिक्षक ज्ञानचन्द्र कोष्टी को खेलकूद की सामग्री पर्याप्त मात्रा में विद्यालय में क्रय करने की जरूरत महसूस की। विद्यालयीन शिक्षक जितेन्द्र दुबे की कर्मठता की प्रशंसा।

# गुरूनानक वार्ड में विशेष सफाई अभियान





**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था हेतु रोजाना चलाये जा रहे सफाई अभियान के तहत आज निगम के स्वच्छता दूतों की टीम के माध्यम से गुरूनानक वार्ड में सफाई अभियान आयोजित किया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित अभियान के दौरान वार्ड के विभिन्न स्थलों स्टेशन रोड मुख्य मार्ग दक्षिण मुखी हनुमान जी के मंदिर के पीछेए होटल जीएसएस एवं बीकानेर मिष्ठान के पासए गोल बाजार रामलीला मैदान के पास बरही रोड मोड से सिटी मॉल तक तथा सब्जी मंडी के नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई की जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए। वार्ड के मुख्य मार्ग दिलबहार चौक सहित अन्य स्थलों की सफाई एवं कचरे के उठाव का कार्य स्वच्छता दूतों द्वारा किया जाकर वार्ड को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए।

### रात्रि एवं प्रातःकालीन सफाई

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु दो पालियों के माध्यम से प्रयास किये जा रहे है। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नदीपार मुख्य मार्गए बस स्टेण्ड सहित नगर के अन्य स्थलों की सफाई की गई। नगर के अन्य स्थलों कुठला मुख्य मार्गए ट्रोसपोर्ट नगर डिवाईडरए मिशन चौकए भट्टा मोहल्ला, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचेए कटायेघाट से डन कॉलोनी डिवाईडर की सफाई, वेंकट वार्ड मुख्य मार्ग में निवर्तमान पार्षद के घर के पास जेण्सीण्बी मशीन से कचरे के उठाव का कार्यए राम जानकी हनुमान वार्ड मुख्य मार्गएशिवाजी वार्ड स्थित एनण्केण्जे सब्जी मंडी तथा बजरंग घाट के आस पास सफाई कराकर कचरे के उठाव कार्य किया गया। सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो के कचरे के प्वाइंटों की सफाई सहित डोर टू डोर जाकर नागरिकों के घरों से निकलनें वाले कचरे का संग्रहण किया जाकर संग्रहित कचरे को प्लांट भेजनें की कार्यवाही की गई।



# कल मनाया जाएगा बरसी महोत्सव

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री बाबा जी की बर्सी महोत्सव 25 दिसम्बर दिन शनिवार को स्वामी शांति प्रकाश आश्रम में बाबा रमेश प्रकाश जी के सानिध्य में मनाई जावेगी। इसी दिन शाम को 5 बजे से 7 बजे तक भजन कीर्तन बाबा रमेश प्रकाश जी का सत्संग पश्चात पाठ सहिब का भोग आरती पल्लव पश्चात प्रसाद वितरण हो गया। सभी धर्मप्रेमियों से निवेदन किया गया है कि समय पर पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# प्रकाश प्रलय राष्ट्रीय सम्मान सुकवि मनीष तिवारी को



**कटनी।** कटनी जन परिषद चैप्टर के सूत्रधार, राष्ट्रीय स्तर के जाने माने एवं नगर के लाडले कवि स्वर्गीय प्रकाश प्रलय, जो अब हमारे बीच नहीं हैं, की स्मृति में जनपरिषद द्वारा घोषित प्रथम प्रकाश प्रलय राष्ट्रीय सम्मान, गत दिनों भोपाल में आयोजित जन परिषद के 32 वे भव्य वार्षिक समारोह में जबलपुर के उदीयमान कवि मनीष तिवारी को प्रदान किया गया। समारोह में विशेष रूप से मिस इंडिया ग्लोबल हर्षल बजाज, मिसेज यूनिवर्स एवं भारतीय जनता पार्टी दिल्ली की उपाध्यक्ष रूबी यादव, मिसेज इंडिया हेमा बैजल, जनपरिषद के चेयरमैन पूर्व डीजीपी एनकेजे त्रिपाठी, पूर्व डीजीपी एवं उपाध्यक्ष महान भारत सागर, पूर्व आईएएस अजात शत्रु श्रीवास्तव, जीपी श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, जबलपुर के विधायक विनय सक्सेना एवं जनपरिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव उपस्थित थे। कटनी से जनपरिषद के सूत्रधार एवं प्रांतीय सचिव आशीष सोनी, कटनी चैप्टर अध्यक्ष राजेश प्रखर एवं उपाध्यक्ष अजय खरे की उपस्थिति रही। श्री तिवारी की माता श्री का स्वास्थ्य अचानक खराब हो जाने से यह सम्मान कटनी चैप्टर के उपाध्यक्ष अजय खरे ने ग्रहण किया और अब वे यह सम्मान श्री तिवारी को प्रेषित करेंगे।

**2014 के आरक्षण को आधार बनाकर चुनाव कराने के फैसले से बढ़ी मुश्किलें**

# पंचायत चुनावों का ये हाल तो निकायों का क्या होगा

**कटनी।** प्रदेश में हो रहे पंचायत चुनावों का हाल देखकर नगरीय निकाय चुनाव के दावेदार बेहद मायूस हैं। उन्हें लग रहा कि निकाय चुनावों के लिए उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ेगा। चुनावों में आरक्षण की स्थिति क्या रहेगी इसे लेकर भी दावेदारों में असमंजस का माहौल है। सभी पंचायत चुनाव सम्पन्न होने की राह देख रहे पर पंचायत चुनाव को लेकर जो हालात बन गए हैं उन्हें देखते हुए अगले दो तीन महीने तक पंचायत चुनाव पूरे होते नज़र नहीं आ रहे। गौरतलब है कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों की तरह ही नगरीय निकायों के कार्यकाल भी डेढ़ दो साल पहले खत्म हो चुका है। कोरोना महामारी के कारण चुनाव अपनी तय सीमा में नहीं हो पाए जबकि सरकार द्वारा पंचायत चुनावों की तरह ही नगरीय निकायों के चुनाव की तैयारियां भी पूरी कर ली थीं। पिछले साल 2020 में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव की तिथी घोषित होनी थी पर आरक्षण को लेकर पेंच फंसता चला गया। सरकार द्वारा महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष और नगर परिषद अध्यक्ष सहित पार्षद पदों के लिए जो आरक्षण किया गया उसके विरोध में हाईकोर्ट की अलग अलग खंडपीठों में कई याचिकाएं दायर हो गईं जिनके कारण सरकार चुनाव की तिथियों की घोषणा नहीं कर पाई। निकाय चुनाव के आरक्षण को लेकर ग्वालियर खण्डपीठ के आदेश के बाद अभी भी मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

निकाय चुनावों में हो रही देरी को देखते हुए सरकार ने निकाय चुनावों से पहले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने का निर्णय ले लिया। पूर्व में किये गए पंचायतों के परिसीमन को तो रदद् किया ही गया 2019 में किया गया आरक्षण भी समाप्त कर दिया गया। इसे लेकर सरकार का कहना यह था कि परिसीमन और आरक्षण के बाद यदि एक साल के भीतर चुनाव सम्पन्न न कराये जाएं तो परिसीमन और आरक्षण स्वमेव निरस्त हो जाता है। यहां तक तो ठीक था पर सरकार ने एक चौंकाने वाला निर्णय यह लिया कि राज्यपाल के माध्यम से नवम्बर में एक नया अध्यादेश ले आई जिसमें पंचायत चुनाव 2014 के आरक्षण के आधार पर कराने की बात कही गई।

सरकार के इस फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए कांग्रेस सहित कुछ विधि विशेषज्ञ न्यायालय की शरण में पहुंच गए। दलील यही थी कि 2014 के आरक्षण के आधार पर चुनाव कराने से रोटेशन के नियम का उल्लंघन होगा जो पंचायत चुनाव अधिनियम के विपरीत है। हालांकि इस विरोध के बावजूद सरकार अपने निर्णय पर अड़ी रही और उसने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। अधिसूचना जारी होने के बाद प्रदेश में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई। अधिसूचना जारी हो जाने के बाद पहले हाईकोर्ट की ग्वालियर खण्डपीठ ने और फिर जबलपुर की मुख्यपीठ ने भी पंचायत चुनावो पर रोक लगाने से




इनकार कर दिया। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए। सुप्रीम कोर्ट में बहस के बाद रोटेशन पर तो कोर्ट ने कोई आदेश नहीं दिया अलबत्ता अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र के मामले में दिए गए अपने आदेश का मध्यप्रदेश में भी पालन करने की बात सरकार के अधिवक्ताओं के सामने रख दी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में मध्यप्रदेश में भी अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर रोक लग गई। इसके बाद भी सरकार ने चुनाव प्रक्रिया जारी रखने का निर्णय लिया। पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों पर चुनाव फिलहाल रोक दिया गया है। अब पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका लगा दी है। यहां यह उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर जो आदेश दिया था वह महाराष्ट्र के मामले को लेकर था इस आदेश को ही सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में लागू करने की बात कही है ऐसे में अब मध्यप्रदेश सरकार की पुनर्विचार याचिका पर सुप्रीम कोर्ट कोई राहत देगा इसकी संभावना बेहद कम है। बहरहाल सरकार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का इंतज़ार कर रही, पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित पदों पर चुनाव नहीं कराये जा रहे और जिन पदों पर चुनाव कराये जा रहे वहां परिणामों की घोषणा पर रोक है। पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों को भी समझ में नहीं आ रहा कि आखिर ये सब हो क्या रहा। इधर दूसरी ओर पंचायत चुनाव की घोषणा हो जाने के बाद नगरीय निकायों के दावेदार खुश थे। उन्हें लग रहा था कि फरवरी मार्च तक पंचायत चुनाव सम्पन्न हो जाने के बाद नगरीय निकाय चुनावों का रास्ता खुल जायेगा पर अब पंचायत चुनाव का हाल देखकर वे बेहद मायूस हो गए हैं। निकाय चुनावों के लिए भी 2019 -20 में आरक्षण निर्धारण पूरा हो चुका था। यहां भी आरक्षण के बाद नियत समय पर चुनाव सम्पन्न नहीं कराये गए जाहिर है कि यहां भी पूर्व में किया गया आरक्षण स्वमेव रदद हो जाएगा तब सरकार निकाय चुनावों के लिए नए सिरे से आरक्षण का निर्धारण करेगी या फिर पंचायत चुनावों की तरह नया अध्यादेश लाकर निकाय चुनाव भी 2014 के आरक्षण के आधार पर करायेगी इसे लेकर दावेदारों में असमंजस है। फिलहाल तो सभी जैसे तैसे पंचायत चुनाव पूरे होने का इंतजार कर रहे।

### पूरे पंचायत चुनाव पर लग सकती है रोक

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों को छोड़कर अन्य सीटों पर हो रहे चुनाव हो भी पाएंगे या फिर पूरी चुनाव प्रक्रिया बीच में ही रुक जायेगी इसे लेकर अभी भी संशय बरक़रार है। राज्य विधानसभा में कल सर्वसम्मति से यह अशासकीय संकल्प भी पारित हो गया है जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के बिना चुनाव नहीं कराने की बात कही गई है। यह अशासकीय संकल्प खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह लेकर आये थे और भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस ने भी इसका समर्थन किया है। अब विधानसभा में पारित यह संकल्प सरकार और चुनाव आयोग को भेजा जायेगा इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में भी यह संकल्प लाया जाएगा। राज्य सरकार ने इस सम्बंध में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका पहले ही प्रस्तुत कर दी है। अगर सुप्रीम कोर्ट से सरकार को राहत नहीं मिली तो पंचायत चुनाव बिना पिछड़ा वर्ग आरक्षण के ही कराना पड़ेगा जिसके लिए सरकार तैयार नहीं। ऐसे में पंचायत चुनाव रोकने के अलावा सरकार के पास और कोई विकल्प नहीं होगा।

**सदन में गूंजी विगढ़ क्षेत्र की मांगें**

## 27 किमी लंबे पिपरिया-खितौली मार्ग का निर्माण शीघ्र कराया जाय

**विधानसभा में विधायक संजय पाठक ने की मांग**

**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरही तहसील के ग्राम पिपरिया से खितौली तक 27 किमी लंबे मार्ग के निर्माण शीघ्र कराये जाने हेतु क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने विधानसभा में याचिका दायर कर उक्त कार्य शीघ्र कराये जाने की मांग उठायी।



उन्होंने बताया कि पिपरिया से खितौली तक मुख्य ग्राम पिपरिया, बगैहा, नदावन, सुतरी, खितौली तक सड़क खराब है, जहां पर नयी सड़क का निर्माण कराया जाना अतिआवश्यक है । लगभग 27 किमी लंबा उक्त मार्ग नये सिरे से बनवाने में लगभग 44 करोड़ की अनुमानित राशि व्यय होना संभावित होगी। जिसके पूर्ण होने पर आसपास के दर्जनों गांव के निवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। गौरतलब है कि उक्त कार्य हेतु भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर विधायक श्री पाठक द्वारा सड़क निर्माण कराने एवं बजट में शामिल कर कार्य को पूर्ण कराने हेतु अनुरोध किया गया था।

## बरही को विकासखण्ड बनाने विधानसभा में मांग

**विकासखण्ड बनने से बरही के विकास में तेजी आयेगी**

**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बरही तहसील के समग्र विकास के लिए विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है । विधानसभा क्षेत्र में हर क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन एवं सुविधाये उपलब्ध कराये जा रहे है। एक बार फिर विधायक श्री पाठक ने मध्यप्रदेश विधानसभा में गत दिवस बरही नगर को विकासखण्ड का दर्जा दिलाये जाने की मांग याचिका के माध्यम से की है । याचिका ग्राहय होने पर उनके द्वारा पुरजोर तथ्यों के साथ आवाज उठायी गयी है । क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा की बरही क्षेत्र जनमानस की मांग अनुरूप बरही को पूर्ण रूपेण विकासखण्ड बनाये जाने पर विधानसभा विजयराघवगढ़ के 25 पंचायतों के 60 से अधिक गांव लाभान्वित होंगे । अभी छोटी-छोटी समस्या एवं मांग के लिए 50 से 60 किमी दूर बड़वारा विकासखण्ड जाना पड़ता है जो कि छोटे कृषकों एवं ग्रामीण जनों के लिए बेहद कष्टकारी होता है । बरही को विकासखण्ड बनाये जाने पर नागरिकों का समय भी बचेगा और साथ में ही आसानी से समस्याओं का निराकरण कराते हुये शासन की योजना का शीघ्र लाभान्वित कराया जा सकेगा। वर्षो पूर्व विकासखंडों का गठन कर विकासखण्डों की सीमा तत्कालिक भौगोलिक दृष्टि एवं राजस्व ग्रामों की जनसंख्या के आधार पर गठित की गयी थी किन्तु वर्तमान स्थिति में आबादी बढ़ने के साथ.साथ राजस्व ग्रामों की संख्या मे वृद्वि हो गयी है तथा विकासखण्ड में ग्रामों की संख्या अधिक हो गयी है । इसी को आधार मानते हुये क्षेत्रीय विधायक श्री पाठक द्वारा जनहित याचिका लगाकर विकासखण्ड के पुर्नगठन के संबंध में तथ्यों के आधार पर बरही को विकासखण्ड दर्जा दिलाये जाने की मांग की गयी है।

## धान की बोरियों के बीच ट्रेक्टर में लोड था गांजा



**एक लाख कीमती गांजा बरामद, बरही पुलिस की बुजबुजा में बड़ी कार्रवाई**

**कटनी/बरही।** गांजा की तस्करी करने वाले 5 आरोपियों को बरही पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। आरोपियों के साथ ही धान लोड ट्रेक्टर, कार, बाइक सहित 5 मोबाइल भी बरामद किए गए है। बरही पुलिस ने यह कार्यवाई बुजबुजा में आधी रात दबिश देकर की है। वही गांजा तस्करी का मुख्य आरोपी इनामी बदमाश नारायण पटेल पुलिस को चकमा देकर भाग गया। इस संबधं में बरही टीआई संदीप अयाची ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में ग्राम बुजबुजा के ददरा हार में आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोहम्मद शरीफ खान के खेत में बनी झोपड़ी में एक सफेद रंग की प्लास्टिक की पन्नी में कुल 2 किलो गांजा छिपा हुआ था। वही आरोपी जितेंद्र पिता रमेश पटेल अपने ट्रेक्टर की ट्राली में धान के बोरो के बीच मे 2 किलो 200 ग्राम गांजा छिपाए हुए था। आरोपी किशोरी पिता सताइया यादव के पास 5 किलो गांजा बरामद हुआ जो सभी बुजबुजा के रहने वाले है। इस प्रकार 92 हजार रूपए कीमती कुल 9 किलो 200 ग्राम प्रतिबंधित गांजा आरोपियों के पास से बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस धारा 8, 21, 29 एनडीपीसी एक्ट व 109 के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में जुट गई है।

**ट्रेक्टर, कार, बाइक, पांच मोबाइल सहित पांच आरोपी गिरफ्तार**



### मुख्य सरगना नारायण भागा

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गांजा सप्लाई का मुख्य सरगना बरही के हरतला निवासी नारायण पटेल डिजायर कार क्रमांक एम.पी.21सीए-1547 से आता है। उसके साथ उसका भाई चंदन पटेल अपाची बाइक क्रमांक एम.पी.21एमके-9864 से आता है जो 2000 रुपए कमीशन देकर गांजा की बिक्री करवाता है। पुलिस ने डिजायर कार, अपाची बाइक भी घेराबंदी कर बरामद कर लिया लेकिन मुख्य आरोपी नारायण पटेल भागने में सफल हो गया। नारायण पटेल के खिलाफ बरही थाना में पहले से मामला दर्ज है तथा उसकी गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित है। कार चालक ऋषि यादव निवासी करेला को गिरफ्तार करने के साथ ही कार में रखे 15 हजार रुपए नगद बरामद किए गए हैं। वही बाइक चालक चंदन पटेल को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### इनकी रही भूमिका

इस कार्यवाई को अंजाम देने में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची, उपनिरीक्षक विष्णुशंकर जायसवाल, सीताराम बागरी, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, आशीष मेहरा, विवेक श्रीवास्तव, अखिलेश गर्ग, अवधेश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## क्रिसमस के सेलीब्रेशन पर कोरोना गाइडलाइन का असर

**मध्यरात्रि की बजाए शाम 7 बजे से होंगे आयोजन, चर्चो में आकर्षक विद्युत साज सज्जा, कल चर्चो में होगी विशेष आराधना सर्विस**

**कटनी।** कोरोना संक्रमण को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी की गईर नई गाइडलाइन और रात 11 बजे से सुबह 5 बजे लागू किए गए रात्रिकालीन कर्फ्यू की वजह से इस बार क्रिसमस पर्व का सेलीब्रेशन मध्यरात्रि की बजाए शाम 7 बजे से मनाया जाएगा। दुनिया को प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देने वाले प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित चर्चो और गिरजाघरों में आकर्षक साज सजावट की गई है। मसीही धर्मावलंबियों में क्रिसमस को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। नए निर्देशों के बाद क्रिसमस सेलीब्रेशन का समय भी बदल दिया गया है। जानकारी के मुताबिक केसीएस स्कूल के पास स्थित एसएस फिलिप एंड जेम्स सीएनआई चर्च में शाम 07:30 बजे मसीही धर्मावलंबी एकत्रित होंगे और क्रिसमस पर्व मनाएंगे। रात 09:30 बजे ईसाई धर्मावलंबियों द्वारा केक काटा जाएगा और आतिशबाजियों की धूमधड़ाम के बीच गले मिलकर एक दूसरे को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस की बधाई दी जाएगी। सिविल लाइन स्थित सेंटपॉल चर्च में भी शाम 7 बजे से कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और 11 बजे तक सभी तरह के कार्यक्रम समाप्त किए जाएंगे। इस दौरान प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिवस भी मनाया जाएगा। क्रिसमस डे को लेकर आज शुक्रवार को दिन भर चर्चों और गिरजाघरों के अलावा घरों में मसीही धर्मावलंबियों द्वारा तैयारियां की जाती रही। क्रिसमस ट्री को सजाने के साथ ही चर्चों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। कल 25 दिसम्बर को सुबह शहर और उपनगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित चर्चों में विशेष आराधना सर्विस का आयोजन किया जाएगा। क्रिसमस को लेकर चर्चों व घरों में कैरोल सिंगिंग के आयोजन किये गए। जिसमे मसीही समाज के नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।



## नई स्टाइल में शराब तस्करी का भंडाफोड़

**गुटखा पाउच के थैलों में उमरिया से कटनी लाई जा रही 350 पाव देशी शराब बरामद**

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने देररात जुहला बायपास मार्ग पर एकदम नई स्टाइल में शराब तस्करी का पर्दाफाश किया है। शराब की तस्करी करते हुए उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर निवासी दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है तथा गुटखा पाउच के थैलों में भरकर उमरिया से कटनी लाई गई 42 हजार 500 रूपए कीमती 350 पाव देशी शराब बरामद की है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे ने बताया कि उपनगरीय क्षेत्र बंगला लाइन निवासी 25 वर्षीय शुभम पिता शंकर लाल बाघवानी व खैबर लाइन निवासी 18 वर्षीय लकी चांदवानी पिछले लंबे समय से एकदम नई स्टाइल में उमरिया से कटनी शराब की तस्करी कर रहे हैं। बताया जाता है कि दोनों युवक एक गिरोह बनाकर उमरिया से कटनी तक शराब की तस्करी करते हैं। जिसमें कुछ नाबालिगों को भी शामिल किया गया है। दोनों युवक पहले नाबालिगों का सहारा लेकर उमरिया जिले की अलग-अलग शराब दुकानों से कुछ-कुछ मात्रा में शराब खरीदवाते थे। इसके बाद खरीदी गई शराब को गुटखा पाऊच के अलग-अलग बड़े थैलों में भरकर पहले उमरिया से बड़वारा तक आते थे। इसके बाद बड़वारा से जुहला बायपास मार्ग तक किसी लोडर या पिकअप वाहन से आते थे। यहां आकर दोनों युवक अपने साथियों को बुलाते थे और फिर शराब को शहर लाकर बेचते थे। कलरात भी दोनों युवक गुटखा पाउच के थैलों में शराब लेकर जुहला बायपास मार्ग पहुंचे और फिर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। दोनों युवकों के पास से गुटखा पाऊच के थैलों में भरकर रखी गई 42 हजार 500 रूपए कीमती 350 पाव देशी शराब बरामद की गई है। जिसमें 200 पाव लाल मसाला व 150 पाव सफेद शराब शामिल है। दोनों युवकों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) व 34 के तहत कार्रवाई की गई है।



**इस तरह पुलिस की गिरफ्त में आए तस्कर**

एक जानकारी में बताया जाता है कि गतदिवस जुहला में हुई चाकूबाजी की घटना के आरोपियों को गिरफ्त में लेने एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे अपने स्टाफ के साथ सादी वर्दी में जुहला बायपास मार्ग पर तैनात थे। पुलिसकर्मी अलग-अलग जगह खड़े थे। इसीदौरान शुभम व लकी जुहला बायपास मार्ग पर एक पिकअप वाहन से गुटखा पाउच के थैले लेकर उतरे। इतनी रात में गुटखा पाउच के थैले देखकर पुलिस को संदेह हुआ तो पुलिस ने दोनों को पकड़कर थैलों की तलाशी ली। जिसमें गुटखा पाउच के थैलों में शराब भरी मिली।




टैरो क्वीन
राजुल मिश्रा द्वारा
टैरो कार्ड्स रीडिंग
सोमवार से शुक्रवार-दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दूसरी मंजिल, डॉ. नेमा क्लीनिक, आजाद चौक, कटनी
संपर्क करें- 9343945285

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V.
(Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Making India Beautiful
Reliance digital
TRENDS GET THEM TALKING
PLANET FASHION
U-TURN EMPIRE OF FAMILY FASHION
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
City Pride Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)